Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:44 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:45 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 63 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 23 अगस्त 2025



कुली' ने थामी 'वॉर 2' की ...पेज-3 पर

प्रशासन ने आमजन से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की

## फिर बरसी आफत





**02** लोग लापता एसडीएम आवास मलबे में दबा

**03** से अधिक दुकानें बहने की सूचना है

आज थराली, देवाल व नारायणबगड़ के विद्यालयों में अवकाश घोषित

# धराली के बाद अब थराली में फटा बादल

**चमोली/ग्वालदम**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड में एक बार भारी बारिश ने कहर बरपाया है। उत्तरकाशी में बादल फटने की घटना को अभी कुछ ही दिन हुए थे कि आज चमोली के थराली तहसील में देर रात बादल फटने की खबर सामने आ गई। क्षेत्र में काफी नुकसान होने की आशंका है। बादल फटने से काफी मलबा आया है, जिससे एसडीएम आवास समेत कई मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। चमोली के डीएम संदीप तिवारी ने यह जानकारी दी है।

बादल फटने से घरों में मलबा आ गया है, दुकानों में भी नुकसान हुआ है। तहसील परिसर में कुछ गाड़ियां भी मलबे में दबी हैं। सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। एक युवती और एक बुजुर्ग लापता हैं। एनडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हो चुकी है। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीमें बचाव कार्य में जुटी हैं। थराली के तहसील परिसर राड़ीबगड़ में एक बरसाती गदेरा अचानक उफान पर आ गया। एसडीएम आवास मलबे से दब गया। एसडीएम समेत अन्य ने रात में ही आवास छोड़ दिया और सुरक्षित जगह पर चले गए। राड़ीबगड़ में गाड़ियों के मलबे में दबने की सूचना है।



जानकारी के अनुसार, थराली तहसील के टूनरी गदेरा में बादल फटने से थराली तहसील परिसर में काफी मलबा आ गया, घरों में भी मलबा आ गया है, तहसील परिसर में कुछ गाड़ियां भी मलबे में दबी हैं। थराली के चेपड़ों में भारी नुकसान हुआ है। यहां तीन से अधिक दुकानें बहने की सूचना है।







## 20 वर्षीय लड़की की मलबे में दबे होने की सूचना

सागवाड़ा गांव में एक व्यक्ति के मलबे में दबने की सूचना है। जबकि इसी गांव में 20 वर्षीय लड़की की मलबे में दबे होने की जानकारी मिल रही है। सूचना मिलने के बाद एसडीआरएफ की टीम गौचर से घटना स्थल के लिए रवाना हो गई है।



## थराली बाजार भी मलबे से पटा

मलबे से कई घरों को नुकसान हुआ है। थराली बाजार भी मलबे से पट गया है। कई वाहन मलबे के साथ बहकर सड़क से लोगों के घरों तक पहुंच गए हैं। थराली–सागवाड़ा मार्ग भी बंद है। थराली– ग्वालदम मार्ग मिंग्गदेरा में बंद है।



## सीएम धामी ने जताया दुख

जनपद चमोली के थराली क्षेत्र में देर रात बादल फटने की दु:खद सूचना मिली। जिला प्रशासन, एसडीआरएफ, पुलिस मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्यों में जुटे हुए हैं। इस सम्बन्ध में निरंतर स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हूं। और स्वयं स्थिति की गहन निगरानी कर रहा हूं। ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।



## सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपनी संवेदनाएं जताई

चमोली जनपद के थराली में मध्यरात्रि में हुई आपदा पर पूर्व सीएम और वर्तमान सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपनी संवेदनाएं जताई है। सोशल मिडिया पर उन्होंने लिखा कि इस आपदा से प्रभावित हमारे भाई बहनों के दुख में हम सब के साथ खड़े है। जिला प्रशासन और राहल बचाव टीमें पुरी तत्परता और मुस्तैदी से कार्य कर रही है।



# यूनिवर्सल स्कूल में होगा द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, नैनीताल यूनिवर्सल सीनियर सेकेंडरी कान्वेंट स्कूल हल्द्वानी में द्वितीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने जा रहा है। पूर्व प्रचार गतिविधियों में भाषण, गीत और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने अंतरिक्ष से जुड़े अपने विचार और रचनात्मकता को मंच पर उतारा।

भाषण प्रतियोगिता का जजमेंट श्रद्धा गुरुरानी तिवारी और डॉ. दीपा जोशी ने किया। गायन प्रतियोगिता के निर्णायक गोपेश बिष्ट और शोभा चारक रहे। चित्रकला प्रतियोगिता का मूल्यांकन भास्कर जोशी और शर्मिष्ठा बिष्ट ने किया। कार्यक्रम संयोजक आनंद बिष्ट ने बताया कि आयोजन के मुख्य आकर्षण होंगे — एरीज के वरिष्ठ वैज्ञानिक व 'कौन बनेगा करोड़पति' फेम डॉ. मोहित जोशी, जो छात्रों से भारत की अंतरिक्ष यात्रा पर चर्चा करेंगे। वहीं डॉ. नवल लोहनी फिजिक्स के जरिये धरती से परे भारत की उपलब्धियों पर विशेष प्रेजेंटेशन देंगे। विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में शंकर कोरंगा, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री, अति विशिष्ट अतिथि अनिल डब्बू और विशिष्ट अतिथि प्रियंका जोशी मौजूद रहेंगे। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नीरज भट्ट ने बताया कि विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम पूरे आयोजन को और रंगारंग बनाएंगे।

# बीएलएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंतरिक्ष विज्ञान स्पर्धा 2025 का आयोजन




**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बीएलएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल, हल्द्वानी ने एस्ट्रोपाठशाला के सहयोग से अंतरिक्ष विज्ञान स्पर्धा 2025 का सफल आयोजन किया। यह कार्यक्रम भारत के राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस (23 अगस्त) को समर्पित था तथा इसका उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा जगाना और अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना था।

इस अवसर के मुख्य अतिथि मोहित कुमार जोशी, वरिष्ठ अभियंता (एरीज) एवं आर्यभट्ट पुरस्कार से सम्मानित वैज्ञानिक रहे। उन्होंने छात्रों को भारत की खगोल और अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति के बारे में प्रेरक विचारों से अवगत कराया और उन्हें बड़े सपने देखने तथा देश के अंतरिक्ष कार्यक्रमों में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रबंधक सौम्या अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. गायत्री कन्वर ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। वहीं शुभम कुमार एवं एस्ट्रोपाठशाला की टीम ने प्रतियोगिता की रचना और संचालन में अहम भूमिका निभाई, जिससे यह आयोजन अत्यंत रोचक और ज्ञानवर्धक बन सका। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अंतरिक्ष आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता रही, जो लोकप्रिय शो कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर आयोजित की गई। पज़ल, रैपिड फायर और बजर राउंड जैसे चरणों ने इसे रोमांचक और प्रतिस्पर्धी बनाया।

## विजेताओं को सम्मानित किया

**जूनियर वर्ग:** कव्यांश आर्यन, राघव लोशाली और गर्व गोयल

**सीनियर वर्ग:** अर्णव भट्ट, रूही बिष्ट और मानवी मेहरा व पूरे आयोजन में छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी और ऊर्जा देखने को मिली। इसने टीम वर्क, नवाचार और अंतरिक्ष के प्रति जिज्ञासा को प्रोत्साहित किया। अपने समापन संबोधन में डॉ. गायत्री कान्वार ने ऐसे आयोजनों की महत्ता पर बल दिया और कहा कि यह बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में अहम कदम हैं। वहीं एस्ट्रोपाठशाला की टीम ने भविष्य के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को प्रेरित करने और मार्गदर्शन देने के अपने संकल्प को दोहराया।

# बलियानाला क्षेत्र में स्थलीय निरीक्षण किया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के अति संवेदनशील कहे जाने वाले बलियानाला क्षेत्र में दीर्घकालिक समाधान हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के क्रम में संचालित बहुपरियोजना कार्यों का शुक्रवार को सूबे के सचिव (आपदा प्रबंधन) विनोद कुमार सुमन द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।

बता दें कि बलियानाला योजना हेतु कुल 177.91 करोड़ रुपएं ( 172.91 प्लस 5 करोड़ पर्यटन विभाग द्वारा सौंदर्यीकरण हेतु) की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जनवरी 2024 में अनुबंध गठन के उपरांत कार्य आरंभ किया गया, भूगर्भीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में निर्मित डीपीआर को सुदृढ़ करने की आवश्यकता अनुभव की गई। इस संदर्भ में शासन द्वारा डीपीआर के सुदृढ़ीकरण का निर्णय लिया गया। आईआईटी रुड़की द्वारा सुझाए गए तकनीकी उपायों एवं पीएमसी सदस्यों के सुझावों को शामिल करते हुए कुल 298.93 करोड़ रुपएं की पुनरीक्षित योजना को वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई। शुक्रवार को



बलियानाले के निरीक्षण के दौरान सचिव आपदा द्वारा सेकशन ए के विभिन्न बेंच पर संपादित कार्यों का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता सिंचाई संजय शुकल द्वारा संपादित तकनीकी कार्यों की विस्तार से जानकारी दी गई। सचिव द्वारा अब तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया एवं आगामी कार्यों की भी गहन जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान सचिव आपदा द्वारा आमजन से संवाद कर उनके सुझाव सुने तथा उनकी सुगमता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेलिंग व सीढ़ियों आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विभाग को निर्देशित किया गया साथ ही विभिन्न सेकशन से निकल रही जलधाराओं को पाइपों के माध्यम से सुरक्षित रूप से नाले (टो) तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए जिससे संभावित कटाव को रोका जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह नेगी, अधीक्षण अभियंता सिंचाई महेश खरे,सहायक अभियंता सुमित मालवाल एवं पंकज पाठक, अपर सहायक अभियंता पुष्पेन्द्र सैनी तथा निर्माणदायी संस्था मैसर्स अरुण कनसनटन के प्रतिनिधिगण इंदरजीत एवं दीपक शर्मा भी उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में पौधे बांटे



**नैनीताल ।** एसएमडीसी सोसाइटी फॉर माउंटेन डेवलपमेंट एंड कंजरवेशन तथा वनस्पति विभाग द्वारा शुक्रवार को कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में पौधे बांटे गए । प्रकृति को संरक्षित रखने तथा स्वस्थ पर्यावरण की पहल के अंतर्गत चलो पौधे लगाए- कार्यक्रम की शुरुआत भी की गई । इस अवसर पर नैनीताल वन प्रभाग के नगर पालिका वन रेंज के वन क्षेत्राधिकारी के. एल. आर्य द्वारा प्रदान किए गए काफ ल, बेडू तथा देवदार के पौधे वितरित किए गए । पौधे लगाए कार्यक्रम विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी तथा एसएमडीसी की महासचिव डॉ श्रुति साह तथा डॉ सुषमा टमटा, डॉ नीलू लोधियाल, डॉ. नवीन पांडे, ,कुंदन सिंह तथा गोपाल बिष्ट आदि शामिल रहे।

### नव नियुक्त वित्तनियंत्रक कमलेश भंडारी का स्वागत



**नैनीताल ।** कुमाऊं विश्व विद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को कुमाऊं विवि की नव नियुक्त वित्तनियंत्रक कमलेश भंडारी का स्वागत किया। इस दौरान वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी को शॉल ओढाकर तथा पौधें केलायर तथा श्री मां नंदा देवी महोत्सव का कैलेंडर तथा विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई मोमबती भेंट कर उनका स्वागत किया गया । कूटा ने उम्मीद जतायी कि विश्वविद्यालय के विकास के कार्य उनके आना से और तेज गति से आगे बढ़ेंगे । उल्लेखनीय है कि कमलेश भंडारी ने कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल से शिक्षा ग्रहण की तथा वर्तमान में वरिष्ठ कोषाधिकारी नैनीताल तथा वित्त नियंत्रक कुमाऊं विश्वविद्यालय के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है । स्वागत करने वाले में कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत डॉ संतोष कुमार, डॉ उमंग सैनी, डॉ अनीता आर्य, डॉ विजय कुमार समेत कुमाऊं विवि प्रशासनिक भवन शिक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. मोहित सनवाल समेत डॉ. राजेंद्र सिंह बोरा, तारा रीखोला तथा कैलाश जोशी आदि शामिल रहे।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**नैनीताल ।** नगर के कलेट्रेट सभागार में शक्रवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इस दौरान सड़क् दुर्घटनाएं रोकने तथा नैनीताल-हल्द्वानी और कैंची धाम में यातायात व्यवस्थाएं सुधारने आदि पर चर्चा हुई। अपर जिलाधिकारी विवेक राय की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। लोनिवि प्रांतीय खंड नैनीताल के अधिशासी अभियंता रत्नेश सकसेना ने बताया कि समिति की ओर से नौ बिंदुओं पर कार्यवाही की जा रही है जिसमें दुर्घटनाएं रोकना, ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग रोकना, बलैक स्पॉट का सुधारीकरण, ट्रैफिक व्यवस्था सुधारना आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि नैनीताल- कैंची धाम और हल्द्वानी की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने की दिशा में काम किया जा रहा है साथ ही जिलेभर में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में साइनेज बोर्ड लगाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा संबंधित प्रचार कार्यक्रम के साथ ही प्रचार.प्रसार के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कहा कि सभी विद्यालयों में सड़क् सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए कार्यशाला भी आयोजित की जा रही है। बैठक में एसपी अपराध एवं यातायात डॉण् जगदीश चंद्राए आरटीओ प्रवर्तन हल्द्वानी गुरदेव सिंह, एआरटीओ रामनगर रीशू तिवारी आदि मौजूद रहे।



# 20 दिनों से जलापूर्ति सुचारु न होने से क्षेत्रवासी परेशान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी नैनीताल में बारिश के इस मौसम में लोगों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,हालात यह हैं कि नगर के तल्लीताल स्थित अंबेडकर बस्ती में बीते 20 दिनों से जलापूर्ति सुचारु नहीं होने से क्षेत्रवासी खासे परेशान हैं,उन्होंने जल्दी ही समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन की धमकी दे डाली है। दूसरी ओर मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए जल संस्थान को ज्ञापन भी दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल के पूर्व मंत्री संतोष कुमार के मुताबिक उनके नेतृत्व में एक शिष्ट मंडल ने जल संस्थान के अधिकारियों के पास ज्ञापन देने के लिए गया लेकिन सक्षम विभाग में अधिकारियों के उपस्थित नहीं होने की स्थिति में शिष्टमंडल ने कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन दिया। संतोष के मुताबिक यदि तीन दिन के भीतर पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता को साथ लेकर कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया जाएगा । शिष्टमंडल में अरविंद सिंह पडियार वरिष्ठ भाजपा नेता, आनंद बिष्ट पूर्व मंडल अध्यक्ष,भूपेंद्र बिष्ट पूर्व मंडल उपाध्यक्ष, भगवत रावत सभासद, बाबूलाल सभासद, रितुल कुमार तथा राजेश चौहान उपस्थित रहे।

# जिलेभर में बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए आदेश दिए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए नैनीताल प्रशासन अलर्ट मोड पर है, जिलेभर में पोल्ट्री फार्म, मीट शॉप्स और अन्य स्थानों पर स्वास्थ्य एवं पशुपालन विभाग की टीमों द्वारा लगातार चेकिंग की जा रही है साथ ही बाजारों और पोल्ट्री शॉप्स पर सफाई और हाइजीन मानकों का विशेष ध्यान रखने के आदेश भी जारी किए हैं। बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए नैनीताल जू प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। जू के रेंज आनंद लाल आर्या ने बताया कि जैसे ही बर्ड फ्लू की जानकारी प्राप्त हुई वैसे ही जू में आवश्यक सावधानियां बरतनी शुरू कर दी गई हैं। बताया कि जू के सभी कर्मचारियों को सेनेटाइजेशन और मास्क का अनिवार्य पालन कराया जा रहा है साथ ही जानवरों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जा रहा है। कहा कि जानवरों के खानपान को लेकर भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। अब जू में जानवरों को चिकन और अंडे देना पूरी तरह बंद कर दिया गया है जबकि मांस को उबालकर और ठंडा करने के बाद ही दिया जा रहा है,दूसरी ओर हरी सबजियां व फल भी आधे घंटे तक पानी में भिगोने के बाद ही जानवरों को दिए जा रहे हैं। बर्ड फ्फलू संक्रमण रोकने के लिए सभी चेकपोस्ट पर भी कड़ी चेकिंग की जा रही है।




**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# गाइड भर्ती विवाद पर हाईकोर्ट ने दिया आदेश

**रामनगर**

**हमारे संवाददाता**

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के गाइड भर्ती विवाद पर अब कोर्ट की ओर से बड़ा आदेश आया है। लंबे समय से फॉटो और हाथीडगर जोन में गाइडों की संख्या को लेकर मचे घमासान के बीच यह फैसला चर्चा में आ गया है।

दरअसल शुरुआत में फॉटो जोन के लिए 50 गाइडों की भर्ती की गई थी लेकिन इसके बाद प्रशासन ने 20 गाइड और लेने के बजाय सीधे 200 नए गाइड भर्ती कर लिए। अचानक बढ़ी इस संख्या ने गाइडों के लिए नई मुश्किल खड़ी कर दी। यही नहीं विवाद तब और बढ़ा जब फॉटो जोन के कई गाइडों को हाथीडगर जोन में भेजा गया। इस पर लगातार सवाल उठते रहे। कोर्ट में मामला पहुंचने के बाद अब विभाग की ओर से हलफनामे के साथ सूची पेश की गई है जिसके अनुसार फॉटो जोन में 54 नए और 46 पूर्व कार्यरत गाइडों को शामिल किया गया है वहीं हाथीडगर जोन में 100 नए गाइडों की लिस्ट जारी की गई है। हालांकि गाइडों की असली चिंता अब भी बरकरार है। गाइडों का कहना है कि भले ही सूची तय हो गई हो लेकिन उनकी दिक्कतें जस की तस बनी हुई हैं।

मौजूदा हालात में उन्हें गाइडिंग के सीमित अवसर ही मिल पा रहे हैं जिससे परिवार का गुज़ारा करना बेहद मुश्किल साबित हो रहा है। स्थानीय जानकारों का मानना है कि गाइडों की दिक्कतें सिर्फ भर्ती तक सीमित नहीं हैं बल्कि असल मुद्दा उनकी स्थायी आय का है। यदि इस पर ठोस समाधान नहीं निकला तो विवाद और गहराने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# नैनीताल ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला अल्मोड़ा में आयोजित भारत सरकार द्वारा खेलो इंडिया के अंतर्गत सरकार की ओर से महिला शसक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु अस्मिता ताइक्वांडो लीग 2025-26 राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें इस बार नैनीताल ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन रहा।

प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों में 13 में से 8 खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में जियांशिका भट्ट का सिल्वर मेडल व कैडेट वर्ग में मीनाक्षी भारती और रिया ने ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किया है। जूनियर वर्ग में दीपकाए प्रियांशी टमटा और श्रेया ने सिल्वर मेडल जीता वहीं सीनियर वर्ग में मानसी बर्गली ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किया है। प्रतियोगिता में क्लब के अध्यक्ष एडवोकेट विश्वकेतु वैद्य के मार्गदर्शन में यह कामयाबी हासिल की।




उन्होंने बताया कि मेडल प्राप्त खिलाड़ियों के अतिरिक्त याचना टमटा, विशाखा राजपूत, तानिया, कामाक्षी रावत व अंबिका ने भी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

उक्त प्रतियोगिता में गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगामी नॉर्थ जोन अस्मिता ताइक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। महिलाओं का विकास एवं शसक्तीकरण पर जोर देते हुए प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने पर क्लब के संरक्षक/ सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत,अध्यक्ष विश्वकेतु वैद्य, कोच भूमिका बिनवाल, विनोद वैद्य, योगेंद्र, विभोर भट्ट व सिद्धार्थ व सभी खिलाड़ियों के माता पिता एवं अभिभावकों और जिले के सभी खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर खिलाड़ियों व क्लब के प्रशिक्षकों को बधाई व शुभकामनाएं सहित सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# अभिमत

## विचारधारा या अवसरवाद

***विचारधारा का स्थान अवसरवादिता ने ले लिया है। राजनीति में नेताओं के गोत्र का अर्थ है कि वह दलबदल से पहले किस पार्टी में थे। दलबदल करने पर जिस पार्टी में वह जाते हैं और उन्हें प्रत्याशी बनने का मौका मिलता है तो पार्टी से जुड़े पुराने और टिकट के दावेदार कहते हैं कि पार्टी हाईकमान ने अलग गोत्र के व्यक्ति को टिकट दे दिया। विचारधारा और गोत्र पर चर्चा को विराम तब लग जाता है, जब पार्टी हाईकमान मुहंतोड़ और दो-टूक जवाब देता है कि पार्टी को चुनाव जिताऊ नेता की जरूरत है।***

राजनीति से जुड़े लोगों पर समाज के हर वर्ग की नजर रहती है। नेताओं की चर्चा सर्वाधिक होती है। चुनाव के दौरान घर-घर, गली-मोहल्ले और अन्य जगह हार-जीत पर बहस के साथ ही नेताओं पर टिप्पणी होना आम बात है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान निर्दलीयों की जीत से विचारधारा, अवसरवादिता तथा गोत्र की राजनीति का ऐसा मुद्दा उछला है, जो लम्बे समय तक चर्चा के साथ सियासी दलों के भविष्य को निर्धारित कर सकता है। केन्द्र और उत्तराखंड में सत्तारूढ़ भाजपा ने टिकट बांटने में सतर्कता जरूर बरती, लेकिन पार्टी के अंदर विरोधाभास उत्पन्न होने से नहीं रोक पाई। दलबदलू और निर्दलीयों को टिकट देने पर पार्टी के लोग दबी जुबान से कह रहे हैं कि भाजपा को गैरों पर ज्यादा भरोसा है। इसी बात को कुछ लोगों ने दूसरे शब्दों में कहा कि भाजपा को अपने गोत्र में कोई ऐसा नहीं मिला जिसे वह प्रत्याशी बनाती और दलबदलू को प्रत्याशी बना दिया। निर्दलीय को टिकट देने पर भी पार्टी के दावेदारों का कहना है कि विचारधारा का अब कोई महत्व नहीं रह गया। दरअसल समाज का उच्च शिक्षित और अपने काम से मतलब रखने वाले राजनीति पर चर्चा करना पसंद नहीं करते हैं, विशेषकर चुनाव में प्रत्याशियों की जीत-हार और उनकी छवि की बातों में समय की बर्बादी समझते हैं। दरअसल अब किसी भी पार्टी में विचारधारा बीते समय का इतिहास है। अवसरवादिता हर पार्टी में हावी है। विचारधारा का स्थान अवसरवादिता ने ले लिया है। राजनीति में नेताओं के गोत्र का अर्थ है कि वह दलबदल से पहले किस पार्टी में थे। दलबदल करने पर जिस पार्टी में जोते हैं और उन्हें प्रत्याशी बनने का मौका मिलता है तो पार्टी से जुड़े पुराने और टिकट के दावेदार कहते हैं कि पार्टी हाईकमान ने अलग गोत्र के व्यक्ति को टिकट दे दिया। विचारधारा और गोत्र पर चर्चा को विराम तब लग जाता है, जब पार्टी हाईकमान मुहंतोड़ और दो-टूक जवाब देता है कि पार्टी को चुनाव जिताऊ नेता की जरूरत है। पार्टी से वर्षों जुड़े रहे और जमीनी स्तर पर काम करने की अहमियत नहीं रह गई है। टिकट के दावेदारों की भीड़ में से किसी एक को प्रत्याशी बनाने पर अन्य दावेदार नाराज हो जाते हैं, पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को पराजित कराकर पार्टी हाईकमान को सबक सिखाने की सोचते हैं। इस खतरे को भांपकर पार्टी हाईकमान द्वारा कई बार पैराशूट उम्मीदवार मैदान में उतारा जाता है। पैराशूट का अभिप्राय है, जो टिकट का दावेदार नहीं होता है, यह सब अवसरवादिता है।

# वोटों की डकैती कर लोकतंत्र की हत्या की: विधायक

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



मानसून सत्र से लौटने के उपरांत कांग्रेस विधायक सुमित हृदयेश ने आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा सरकार और प्रशासन पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र में भाजपा की मनमानी और नैनिताल जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में हुई अराजकता लोकतंत्र के लिए कलंक है।

विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि नैनीताल जिला पंचायत अध्यक्ष के चुनाव में जो अराजकता देखने को मिली, उसने देवभूमि को शर्मसार कर दिया। पुलिस प्रशासन के संरक्षण में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा की गई गुंडई के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। उत्तराखंड को बिहार बनाने का सपना देखने वाली भाजपा को प्रदेश की जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में सत्ता से बेदखल कर शांति और लोकतंत्र का पाठ पढ़ाएगी। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा ने पहले जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में वोटों की डकैती कर लोकतंत्र की हत्या की और फिर विधानसभा सत्र में विपक्ष के सवालों से बचने के लिए डेढ़ दिन में ही सत्र स्थगित कर लोकतंत्र का मजाक बनाया।

नेता प्रतिपक्ष सहित विपक्षी विधायकों के साथ बदसलूकी और मारपीट, प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और जनता के मुद्दों पर चर्चा न करने के चलते विपक्ष को सदन के अंदर ही धरना देने को मजबूर होना पड़ा। यह भाजपा सरकार की तानाशाही प्रवृत्ति का प्रमाण है।

सुमित हृदयेश ने कहा कि कांग्रेस शीघ्र ही जनता के साथ सड़कों पर उतरेगी और एक बड़े जनांदोलन की शुरुआत होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि देवभूमि उत्तराखंड को बिहार बनने से रोकने के लिए जनता अब भाजपा के खिलाफ लामबंद हो रही है।

प्रेसवार्ता के दौरान विधायक सुमित हृदयेश ने सरदार सतनाम सिंह को अपना प्रतिनिधि नियुक्त करने की घोषणा की। वहीं, सोशल मीडिया प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर श्री राजकुमार का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व महानगर अध्यक्ष हरीश मेहता, महिला महानगर अध्यक्ष मधु सांगूड़ी, महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव शोभा बिष्ट, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हेमन्त बगड़वाल, पूर्व दर्जा मंत्री सुहैल सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष मोहन बिष्ट, ब्लॉक अध्यक्ष जाकिर हुसैन, विधायक प्रतिनिधि जीवन कार्की, प्रदेश सचिव डॉ. मयंक भट्ट, वरिष्ठ कांग्रेसी अवध विहारी शर्मा, बहादुर बिष्ट, गिरीश पांडे, सतनाम सिंह, राजकुमार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पर्यटक ने होटल कर्मियों पर निजता भंग करने का आरोप लगाया

**नैनीताल।** नैनीताल में दिल्ली से घूमने आए एक पर्यटक ने होटल कर्मियों पर उसकी निजता भंग करने का गंभीर आरोप लगाया है। पर्यटक का कहना है कि गुरुवार को वह परिवार सहित नैनीताल आया और मल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में ठहरा। आरोप है कि होटल के कमरे के रोशनदान से कर्मचारी झांकते रहे और उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी की गई।

घटना से आक्रोशित पर्यटक ने मल्लीताल कोतवाली में लिखित शिकायत दी है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने होटल संचालक को पूछताछ के लिए तत्काल कोतवाली बुलाया। कोतवाल हेम पंत ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। होटल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की भी पड़ताल हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि आरोप सत्य पाए गए तो होटल संचालक और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**भीमताल**

**हमारे संवाददाता**




लेक्स इंटरनेशनल स्कूल भीमताल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में इन्वायरमेंटल एजुकेशन एंड कंजर्वेशन ऑफ नेचुरल रिसोर्सेज विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य निदेशक एसएस नेगी, रिसोर्स पर्सन अभिषेक मित्तल एवं मनमोहन जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर नैनीताल एवं हल्द्वानी क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों लॉग व्यू पबलिक स्कूल नैनीताल, नेन्सी कॉन्वेंट ज्योलिकोट, ग्रीन माउंट ग्लोबल स्कूल भीमताल, डीविटो स्कूल भवाली, वुडब्रिज स्कूल भीमताल, हीरा कुंवर पबलिक स्कूल हल्द्वानी, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर नैनीताल, सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी, सेंट लॉरेन्स स्कूल हल्द्वानी, जीडी गोइंका नौकुचियाताल, हरमन माइनर स्कूल भीमताल, इंस्पिरेशन स्कूल हल्द्वानी, सेंट जेवियर स्कूल नैनीताल, पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल, पर्सिस्टेंट स्टूडेंट्स हायर सेकेंडरी स्कूल नैनीताल, बिड़ला विद्या मंदिर नैनीताल एवं मेजबान लेक इंटरनेशनल स्कूल सहित कई शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के दौरान पर्यावरण शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गईं। वक्ताओं ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और छात्रों में पर्यावरणीय चेतना विकसित करने के नवीन तरीकों पर विस्तृत चर्चा की। शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और कई नई जानकारियाँ प्राप्त कीं। समापन सत्र में प्रधानाचार्य/निदेशक एसएस नेगी ने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि शिक्षकों की क्षमता वृद्धि के लिए समय.समय पर ऐसे आयोजन आवश्यक हैं जिससे वे विद्यार्थियों को नवीन प्रयोगों एवं रोचक शिक्षण विधियों से अवगत करा सकें और शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं रुचिकर बना सकें।

# फिल्मी दुनिया

## कुली' ने थामी 'वॉर 2' की रफ्तार, निकली आगे



*शुक्रवार को भी बॉक्स ऑफिस पर वॉर 2 और कुली में होड़ देखने को मिली, जिसमें कुली आगे निकलती दिख रही है। इसके अलावा महावतार नरसिम्हा भी धीरे-धीरे एक और रिकॉर्ड की ओर बढ़ रही है। जानिए क्या रहा फिल्मों का हाल। थिएटर्स में इस समय दर्शकों को कुली और वॉर 2 जैसी दो शानदार फिल्में देखने को मिल रही हैं, जिनमें बॉक्स ऑफिस पर जोरदार टक्कर देखने को मिल रहा है। हालांकि, इस चीज की उम्मीद पहले भी की जा रही थी। अब हम जानेंगे कि शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर किसने मारी बाजी। इस अलावा लगभग चार हफ्तों से महावतार नरसिम्हा भी सिनेमाघरों में कायम है। आइए जानते हैं फिल्मों की कमाई। साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की मल्टीस्टारर फिल्म 'कुली' सिनेमाघरों में 14 अगस्त को रिलीज हुई थी, यानी कि फिल्म को रिलीज हुए 9 दिन हो चुके हैं। बीते दिन शुक्रवार को कुली ने बॉक्स ऑफिस पर 6.01 करोड़ रुपये कमाए, जबकि गुरुवार को इसने 6.15 करोड़ रुपये कमाए थे। इससे ये संकेत मिल रहा है कि इस वीकएंड फिल्म की कमाई में फिर से उछाल देखने को मिल सकता है। कुल 9 दिनों में कुली ने 235.67 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म 'वॉर 2' भी रजनीकांत की कुली से जबरदस्त टक्कर लेती दिख रही हैं। %वॉर 2% ने भी 9 दिनों में 200 करोड़ रुपये से ज्यादा कमा लिए हैं। फिल्म ने शुक्रवार को 3.8 करोड़ रुपये कमाए, जबकि इसने गुरुवार को 5 करोड़ रुपये कमाए थे। %वॉर 2% ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर 208.05 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। अब यह देखना होगा कि वीकएंड पर यह फिल्म कितना कमाई करती है।*

### दोनों फिल्मों में हैं जबरदस्त कलाकार

*वॉर 2 की बात की जाए तो इसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर के अलावा कियारा आडवाणी, आशुतोष राणा, अनिल कपूर जैसे कलाकार मौजूद हैं। वहीं रजनीकांत अभिनीत कुली में नागार्जुन अक्किनेनी, सौबिन शाहिर, उपेंद्र, श्रुति हासन और सत्यराज मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके साथ ही रचिता राम, रेबा मोनिका जॉन, जूनियर एमजीआर, कन्ना रवि, मोनिशा ब्लेसी और काली वेंकट सहायक भूमिकाओं में हैं।*

# कुमाऊं रेंज की व्यापक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

पुलिस महानिरीक्षक कुमायूं परिक्षेत्र रिद्धिम अग्रवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कुमाऊं रेंज की व्यापक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में कुमायूं क्षेत्र के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, एसएसपी, एसपी, क्षेत्राधिकारी तथा अन्य राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहे। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने मुख्यमंत्री एवं पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड के निर्देशानुसार प्रदेश में अपराधमुक्त माहौल बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता बताया। उन्होंने एसएचओ और एसओ को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वे 'मठाधीश' मानसिकता से बाहर निकलें और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखें। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी थाना प्रभारी के क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में लापरवाही पाई गई तो 24 घंटे के अंदर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभागीय जांच और शिकायतों का 15 दिनों के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। अज्ञात महिला शवों की पहचान के लिए डीएनए प्रोफाइलिंग, फेस रिकग्निशन तकनीक, फोटो प्रसार तथा स्थानीय मीडिया और सोशल मीडिया के सहयोग से तीव्र प्रयास करने को कहा गया। आईजी ने कहा कि किसी भी शव की पहचान अधर में नहीं रहनी चाहिए और पीड़ित परिवारों को न्याय मिलना अनिवार्य है। इसके साथ ही 1 जून 2025 से लंबित वाहनों के निस्तारण अभियान की समीक्षा की गई और सभी वाहनों को एक माह के भीतर न्यायालय की अनुमति से नीलामी या स्क्रैपिंग प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त 2015 तक लंबित एनडीपीएस से संबंधित माल का शीघ्र निस्तारण हेतु विशेष अभियान चलाने के भी आदेश दिए गए। आईजी ने बीडीएस, क्यूआरटी और डॉग स्क्वाड के साथ संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभावी गश्त, पार्किंग, सीसीटीवी, बिजली के तारों की सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण जैसे इंतजाम कड़ाई से लागू करने के निर्देश भी दिए।

## News कॉर्नर

### शनि अमावास्या पर शनि मंदिर में आज कई अनुष्ठान

**नैनीताल** । नगर के ठंडी सड़क स्थित शनि मंदिर में शनिवार (आज) को शनि आमावास्या के विशेष मौके पर कई धार्मिक अनुष्ठानों के बाद विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर के व्यवस्थापक हेम चंद्र जोशी उर्फ हेमू के मुताबिक सभी धार्मिक अनुष्ठान आचार्य भगवती प्रसाद जोशी के नेतृत्व में होंगे। इसके तहत सुबह शनि स्नान के बाद 9 बजे से सुंदरकांड के बाद दोपहर 12 बजे से सुंदरकांड के बाद अपराह्न दो बजे से विशाल भंडारा (खीर व खिचड़ी) का आयोजन होगा। जोशी ने सभी भकतजनों से दिनभर आयोजित होने वाले विविध धार्मिक अनुष्ठानों में अधिक से अधिक संखया में प्रतिभाग करने की गुजारिश की है।

### युवक पर चोरी का आरोप लगाकर मारपीट का वीडियो वायरल

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में नैनीताल की मॉलरोड पर एक युवक पर चोरी का आरोप लगाकर मारपीट करने का वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। पुलिस मारपीट करने वालों की तलाश करने में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार की शाम को सोशल मीडिया में कई लोगों ने एक विडीयो शेयर किया। जिसमें एक युवक पर कई लोग महिला के कान के झुमके लेकर भागने का आरोप लगा रहे हैं। साथ ही युवक के साथ बीच सड़क मारपीट कर रहे हैं। इस दौरान युवक पन्नी से कुछ नशीला पदार्थ सूंघता भी दिखाई दे रहा है। मामले में कोतवाली के एसआई दीपक कार्की ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। हांलाकिं मामले में किसी पक्ष की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। लेकिन मारपीट करने वालों व युवक की तलाश की जा रही है।

# एथलीट वैष्णवी का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर प्रदेश का मान बढ़ाया

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

विगत दिनों हरिद्वार के वंदना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम में उत्तराखंड पैरा ओलंपिक समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता हेतु चयन प्रक्रिया का भव्य आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में राज्यभर से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने दमखम का परिचय दिया, इन्हीं में से नैनीताल की उभरती एथलीट वैष्णवी बिष्ट ने अपने शानदार प्रदर्शन से सबका ध्यान आकर्षित किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया। वैष्णवी के कोच निखिल आर्य के मुताबिक 19



अगस्त को आयोजित इस चयन प्रक्रिया में वैष्णवी ने 200 मीटर/ 400 मीटर और 1500 मीटर की दौड़ों में शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-17 आयु वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रही वैष्णवी ने अपनी मेहनत और लगन से निर्णायक मंडल को प्रभावित किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए स्थान पक्का किया। अब वैष्णवी आगामी 14वीं जूनियर राष्ट्रीय पैरा एथलेटिकस चैंपियनशिप में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 29 अगस्त से 1 सितंबर तक ग्वालियर के अटल बिहारी वाजपेई ट्रेनिंग सेंटर ऑफ़ डिसेबिलिटी स्पोर्ट्स में आयोजित होगी। बता दें कि नगर में मल्लीताल के मनकापुर स्थित बिजनसमैन पिता संजय बिष्ट व शिक्षिका माता अनुभा बिष्ट की पुत्री वैष्णवी बिष्ट वर्तमान में कक्षा 10 की छात्रा हैं और नगर के प्रतिष्ठित मोहनलाल शाह बाल विद्या मंदिर नैनीताल में पढ़ाई कर रही हैं। पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी वह निरंतर प्रगति कर रही हैं। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने भी उनकी इस कामयाबी पर गर्व व्यक्त किया है और कहा है कि वैष्णवी की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। दूसरी ओर वैष्णवी की इस कामयाबी के पीछे उनके माता पिता का भी विशेष योगदान है। दोनों ने ही हमेशा वैष्णवी को खेलों में आगे बढने के लिए प्रोत्साहित किया। कठिन परिस्थितियों और खेल की चुनौतियों के बावजूद माता पिता ने हर कदम पर उनका साथ दिया। वैष्णवी का कहना है कि परिवार का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। काबिलगौर है कि वैष्णवी के परिवार की खेल परंपरा भी प्रेरणादायी रही है। उनके दादाजी सुरेंद्र सिंह बिष्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर के हॉकी खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने पटियाला से हॉकी कोचिंग में डिप्लोमा किया है और सेना में कोच के रूप में भी अपनी सेवाएँ दी हैं। दादाजी की खेल भावना और अनुशासन से प्रभावित होकर ही वैष्णवी ने खेलों में अपना करियर बनाने का संकल्प लिया। यही कारण है कि आज वे अपनी मेहनत और लगन से राष्ट्रीय स्तर तक पहुँची हैं वहीं कोच निखिल आर्य ने कहा कि वैष्णवी की मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभयास उनकी सबसे बड़ी ताकत है। सभी को उममीद है कि ग्वालियर में आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वैष्णवी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाएँगी। खेल प्रेमियों और गोविंद सिंह परिहार ने भी वैष्णवी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं और कहा है कि यह सफलता प्रदेश की अन्य बेटियों और खिलाडियों के लिए प्रेरणादायी होगी।

# आईटीआई गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, चार सदस्य गिरफ्तार

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय और भय का वातावरण पैदा करने वाले कुख्यात आईटीआई गैंग के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गैंग के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गैंग लीडर देवेन्द्र सिंह बिष्ट (निवासी गैस गोदाम, छड़ायल, हल्द्वानी), आदित्य नेगी (ए-16, जज फार्म, आईटीआई हल्द्वानी), देवेन्द्र सिंह बोरा (निवासी डहरिया, हल्द्वानी) और नवीन सिंह मेहरा (मूल निवासी ग्राम टुनाकोट, भवाली; वर्तमान निवासी पीलीकोठी रोड, हल्द्वानी) शामिल हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि यह गिरोह हल्द्वानी क्षेत्र में फायरिंग, मारपीट, हथियारों से हमला और लूटपाट जैसी गंभीर आपराधिक



घटनाओं को अंजाम देता रहा है। गिरोह खुद को 'आईटीआई गैंग' के नाम से प्रचारित करता था और सार्वजनिक स्थानों पर हिंसक घटनाओं को अंजाम देकर आम नागरिकों में डर का माहौल बना रहा था। चारों आरोपियों के खिलाफ पहले से ही कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास), आर्म्स एक्ट और भारत न्याय संहिता की विभिन्न धाराएं शामिल हैं। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि, शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। आईटीआई गैंग के खिलाफ मिली शिकायतों और आपराधिक इतिहास को देखते हुए गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है।

# होटल कारोबारी को टैक्स व ब्याज जमा करने को एक सप्ताह का समय दिया

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राज्य कर विभाग ने नैनीताल के तल्लीताल में बीते एक साल से पांच फीसदी टैक्स की चोरी कर रहे होटल करोबारी के होटल में छापा मारा। विभाग ने कारोबारी को टैक्स व ब्याज जमा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया।

शुक्रवार को राज्यकर विभाग ने तल्लीताल हल्द्वानी रोड में स्थित होटल में छापामारी की। विभाग इन दिनों कर पवंचक अभियान चला रहा है,विभाग टैकस चोरी और टैकस जमा न करने वाले व्यापारियों और कारोबारियों के स्थान में छापेमारी कर कार्यवाही कर रहा है। इसी अभियान के चलते विभाग ने तल्लीताल के होटल में छापेमारी की। होटल कारोबारी एक अप्रैल 2024 से जीएसटी की कंपांजिशन स्कीम में पंजीकृत है। विभाग के नियमों के अनुसार कंपोजिशन के ट्रेडर और मेन्यूफैक्करिंग करोबारियो को वार्षिक आय का एक फीसदी टैकस देना होता है और होटल करोबारियों को 6 फीसदी का टैकस जमा करना होता है। राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त प्रकाश चंद्र त्रिवेदी ने बताया कि अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक होटल की आय 72 लाख रूपए की दिखा कर करोबारी ने एक फीसदी की दर से 72 हजार रूपए का टैकस दिया है। नियमानुसार होटल सर्विस पर 6 फीसदी की दर से टैकस देय है जिसके अनुसार व्यापारी ने विभाग में 3 लाख 60 हजार रूपए का टैकस कम दिया है। इसके साथ ही व्यापारी ने साल 2025 के प्रथम क्वाटर में आय 11 लाख रूपए दिखाकर विभाग में केवल 11 हजार का टैकस जमा किया है। व्यापारी ने अप्रैल 2025 से जून के मध्य 55 हजार रूपए का कम टैकस जाम किया है। विभाग के अनुसार व्यापारी को विभाग में 4 लाख 15 हजार रूपए का टैकस व 50 हजार रूपए का बयाज जमा करना है। जिसके लिए विभाग ने व्यापारी को एक सप्ताह का समय दिया है। एक सप्ताह में टैकस व बयाज जमा नहीं करने पर व्यापारी पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । इस दौरान विभाग के मोहित चौहानए भूपेंद्र बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय तंबाकू नियन्त्रण कार्यक्रम पर एक संगोष्ठी का आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

जिले के शहीद श्री खेमचन्द्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में एन्टी ड्रग सेल के तत्वावधान में शासन के निर्देशानुसार राष्ट्रीय तंबाकू नियन्त्रण कार्यक्रम पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डॉ. विनय कुमार श्विद्यालंकार द्वारा की गई। अपने उद्बोधन में उन्होंने बताया कि हमारे देश की असली शक्ति युवा है और नशे के व्यापार के कारण इस शक्ति को तोडा जा रहा है साथ ही उन्होंने बताया कि युवाओं की दिशा को बिगाड़ रहा है नशा।

उन्होंने कहा कि आज हमारे आदर्श ऐसे व्यक्तित्व होने चाहिए जो स्वयं को तथा समाज को नशे के प्रचार-प्रसार से दूर रखने में योगदान देते हो। हमें समाज में नशे के विरूद्ध जागरुकता लानी होगी ताकि समाज एवं युवाओं की दिशा और दशा सुधर सकें। डॉ0 दीपक ने तंबाकू के दुष्प्रभाव के विषय में छात्र. छात्राओं को जागरूक किया। एन्टी ड्रग सेल नोडल अधिकारी डॉ0 ईप्सिता सिंह ने राष्ट्रीय तंबाकू नियन्त्रण कार्यक्रम व ई-सिगरेट निषेध अधिनियम पेका 2019 के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. तरुण कुमार आर्य द्वारा किया गया।

इसके साथ ही विद्यार्थियों में से सुनील बिष्ट, मनीषा गोस्वामी, नीमा बेरी तथा छाया ने तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव पर विचार रखें। अंत में प्राचार्य द्वारा छात्र छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण कराई गई। कार्यक्रम में डा0. जयति दीक्षित, ममता पाण्डेय, डॉ0 निर्मला सहित कार्मिक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



### चौथे दिन भी जारी शिक्षकों का चॉकडाउन

**अल्मोड़ा।** लंबित मांगों का समाधान न होने से नाराज शिक्षक चौथे दिन भी चॉकडाउन कर शिक्षण कार्य से विरत रहे। इसके चलते विद्यालयों में पढ़ाई ठप रही और विद्यार्थियों को परेशानी झेलनी पड़ी। पीएमश्री राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज हवालबाग में शिक्षकों ने नारेबाजी कर विरोध जताया। वहां डॉ. कपिल नयाल, संजय पांडेय, मदन सिंह, तारा दत्त भट्ट, डॉ. निर्मल पंत, डॉ. प्रदीप, धन सिंह धौनी, प्रमोद कुमार पांडेय, कमलेश जोशी, नवीन वर्मा, भगवत सिंह, सुनीता बोरा, भावना वर्मा, हिमांती टम्टा शामिल रहे।

# ल्द्वानी चोरगलिया मार्ग पर सड़क पर मगरमछ, मचा हड़कंप

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल में लगातार बारिश हो रही है बारिश के चलते नदी और नाले उफान पर है। बारिश के चलते वन्यजीव भी अपने वासस्थान से निकलकर आबादी की ओर आ रहे हैं। तराई पूर्वी वन विभाग के किशनपुर रेंज अंतर्गत हल्द्वानी चोरगलिया मार्ग पर एक विशालकाय मगरमच्छ के आ जाने से हड़कंप मच गया सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मुश्किल से मगरमच्छ को रेस्क्यू कर



सुरक्षित नदी में छोड़ा है। बताया जा रहा है कि गौलापार के दानीबंगर में धान के खेत में मगरमच्छ देखे जाने की सूचना से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मगरमच्छ के आने अफरातफरी मच गई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ को रेस्क्यू किया है। ग्रामीणों को मुताबिक मगरमच्छ पहले धान के खेत में देखा गया जिसके बाद वह हल्द्वानी सितारगंज हाईवे पर आ गया। वन क्षेत्राधिकारी किशनपुर रेंज घनश्याम चनियाल ने बताया कि ग्रामीणों के सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू किया है भारी भरकम मगरमच्छ को रेस्क्यू करने में कोई वन कर्मियों को लगाया गया. किसी तरह से मगरमच्छ को काबू किया गया. इसके बाद मगरमच्छ को ठंडा नाले में छोड़ गया है।

# गिर्दा की 15वीं पुण्य तिथि पर स्मृति समारोह का आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के जनकवि रहे गिरीश तिवारी गिर्दा की 15वीं पुण्य तिथि के मौके पर शुक्रवार को नैनीताल में गिर्दा स्मृति मंच के तत्वावधान में 15वां गिर्दा स्मृति समारोह का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व मंच की ओर से शाम को चार बजे से तल्लीताल क्रांति चौक से लेकर माल रोड होते हुए सांस्कृतिक जुलूस निकाला गया जिसमें नैनीताल के सैनिक स्कूल के छात्रों ने कोरस व छोलिया नृत्य प्रस्तुत किया जुलूस मल्लीताल प्रीमैंशन हाल में जाकर समाप्त हुआ। उसके बाद वहां पर गिर्दा के बहाने (उत्तराखंड के समसामयिक मुद्दों पर चर्चा) पर चर्चा



हुई जिसमें सतीश धौलाखण्डी, त्रिलोचन भट्ट, पीसी तिवारी नोमान सिद्दकी ने विचार रखे। उसके बाद ताल साधना अकेडेमी के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गयी जिसमें दीक्षा, आकाश, हर्ष, रिया, शौर्य,युवराज, भव्य, दिव्यम, प्रीती, दिया, अनुष्का, धीरज ने भाग लिया जबकि शुभेंदु बहुगुणा एवं राकेश मनराल द्वारा कविता पाठ किया। इस दौरान सितार वादन पर प्रदीप कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर, तबले पर संगत अमन महाजन ने दी।

इस दौरान छात्रों द्वारा जन गीतों की प्रस्तुति दी गयी साथ ही गिर्दा स्मृति मंच द्वारा सआदत हसन मंटो के नाटक तमाशा की पेशकश का मंचन किया गया। कार्यक्रम में हेमलता तिवाड़ी, तुहिनांश तिवाड़ी, पीसी तिवाड़ी, प्रेम पी रम, इदरीस मलिक, बिशन सिंह मेहता, जसी राम आर्य,पवन कुमार, हरीश राणा,राजेश आर्य, पवन कुमार, अजय पवार, अदिति खुराना, सतीश धोलाखंडी, राजेश जोशी, धर्मानंद लखेड़ा, मुकेश सेमवाल, प्रेम पी रम, नोमान सिद्दकी, शुभेंदु बहुगुणा व राकेश मनराल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कुसुम पांडे द्वारा किया गया ।